हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज राजस्व वाद/आवेदन संख्या .... अनवान	नम्बर व तारीखअहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए
	राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार-2018 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर न्याय प्रदान करने के उदेश्य से पक्षकारान अटल सेवा केन्द्र/पचायत घर ...सरली... पर जरिये नोटिस तलब होकर पत्रावली दिनांक 3-5-18 को अटल सेवा केन्द्र/पंचायत घर ......सरली...... पर पत्रावली पेश हो। उपखण्ड अधिकारी (एस.डी.ओ.) बाडमेर	
03.05.2018 गोम्याराम	**आदेश** पत्रावली बमुकाम अटल सेवा केन्द्र सरली पर पेश हुई। प्रार्थी मेनाराम एवं अप्रार्थी संख्या 01 व 02 मेहराराम व मेसाराम उपस्थित। अप्रार्थी संख्या 01 व 02 ने लिखित प्रार्थना पत्र पेश कर प्रार्थी के आवेदन को निरस्त किये जाने का निवेदन किया। इस प्रकरण में तहसीलदार बाडमेर से प्रस्तावित रास्ते की मौका रिपोर्ट तलब की गई। तहसीलदार बाडमेर ने अपने पत्रांक 66 दिनांक 03.05.2018 से मौका प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मौका प्रतिवेदन के अनुसार प्रार्थी ने खसरा नम्बर 1022/477 में से खसरा नम्बर 972 तक आवागमन हेतु रास्ता चाहा है। खसरा नम्बर 1022/477 के खातेदार अप्रार्थीगण मेहराराम, जसाराम, रावताराम पिसरान रामजी मुसमात हिरों पत्नी रामजी जाति जाट है। प्रस्तावित रास्ता हेतु खसरा नम्बर 1022/477 में से खसरा नम्बर 972 तक आने जाने हेतु न्यूनतम दुरी का नाप किया गया, जिसके अनुसार रकबा 0.05 बीघा बनता है। खसरा नम्बर 972 गैर मुमकीन रास्ते पर पक्की डामर सडक बनी हुई नही है। ग्राम लूखों का तला की डीएलसी दर 40356 रू. प्रति बीघा की दर से प्रस्तावित रास्ता की भूमि की कीमत 20178 रू. बनती है। प्रस्तावित रास्ता को मौका नक्शा में बरंग हरा से दर्शाया गया है। मजमे आम में प्रस्तावित रास्ते के बारे में उपस्थित ग्रामीणों से जानकारी ली गई, जिन्होने प्रस्तावित रास्ते को प्रार्थी की खातेदारी भूमि पर आने जाने का सुगमतम रास्ता होना बताया है।	मेराराम (LTI जसाराम)
उप खण्ड अधिकारी बाड़मेर		

Scanned by CamScanner

तारीख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **राजस्व आवदेन संख्या 1339/2017 अनवान गेनाराम बनाम मेहराराम**
	तहसीलदार बाडमेर के प्रतिवेदन से प्रार्थी द्वारा प्रस्तावित रास्ते की मौके के अनुसार पुष्टी होती है और प्रस्तावित रास्ता को प्रार्थी के सुखाचार एवं आवागमन हेतु रास्ता अभिलेख में अंकित किया जाना न्याय संगत प्रतीत होता है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र तहसीलदार बाडमेर द्वारा प्रस्तुत मौका रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य मे स्वीकार किया जाता है। ग्राम लूखों का तला मे स्थित खेत खसरा नम्बर 1022/477 में से खसरा नम्बर 972 तक आने जाने हेतु खसारा नम्बर 1022/477 का क्षेत्रफल 0.05 बीघा भूमि जो नक्शे मे बरंग हरा से दर्शाई गई है। ग्राम लूखों का तला की डीएलसी दर 40356 रू. प्रति बीघा की दर से प्रस्तावित रास्ता की भूमि की कीमत 20178 रू. प्रार्थी राजकोष में जमा करावे। तहसीलदार बाडमेर उक्त राशि जमा करवाने पर राजस्व अभिलेख में अमल दरामद कर लठा ट्रेस मे तरमीम करावे तथा उक्त राशि का विभाजन कर नियमानुसार राशि अप्रार्थीगण मेहराराम, जसाराम, रावताराम पिसरान रामजी मुस्मात हिरों पत्नी रूमजी जाति जाट निवासी लूखों का तला पटवार क्षैत्र सरनली तहसील व जिला बाडमेर को भुगतान करवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। मौका फर्द के संलग्न प्रस्तुत नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय मजमे आम में सुनाया गया। उपखण्ड अधिकारी, (एसडीओ)

Scanned by CamScanner